देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 78 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 20 जून 2020

विचार-प्रवाह...
किसानों के अधिकारों की रक्षा





मौसम अधिकतम 33.0° न्यूनतम 24.0°

34731.73

2 चीनी मिसाइल से कम नहीं ग्लोबल टाइम्स

7 भज्जी के बायकॉट से चीन को मिर्ची

# लद्दाख में हाई अलर्ट पर सेना

## चीन ने भारत के 10 जवान छोड़े, बात फिर शुरू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लद्दाख। लद्दाख की गलवान घाटी में भारत और चीन के बीच झड़प के दौरान बंदी बनाए गए भारतीय सैनिकों की रिहाई के बाद दोनों देशों में एक और दौर की बातचीत शुक्रवार को शुरू हो गई। जानकारी के मुताबिक, चौथे दौर की इस बातचीत में दोनों देशों की सेना के मेजर-जनरल रैंक के अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। इससे पहले गुरुवार को लेह में थ्री इन्फैंट्री डिविजन के कमांडर-मेजर जनरल अभिजीत बापत और उनके चीनी समकक्ष के बीच हुई बातचीत के बाद पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने भारत के 10 बंदी बनाए गए सैनिकों को रिहा कर दिया था। इनमें चार अधिकारी भी शामिल हैं। सैनिकों को बीते 15 जून को भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर हुई झड़प के बाद पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने बंदी बना लिया था। बताया जा रहा है कि भारत के दबाव के बाद तीन ने ये सैनिक छोड़े हैं। भारत ने पहले ही सेना के तीनों अंगों को अलर्ट कर दिया है।

सेना से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि गुरुवार को चीन के कब्जे से मुक्त हुए सैनिकों का मेडिकल परीक्षण किया जा रहा है। वहीं, चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने शुक्रवार को दावा किया कि कोई भारतीय सैनिक चीन के कब्जे में नहीं है। उन्होंने भारत-चीन विवाद के बारे में पूछे जाने पर यह बात कही।

हम सब जानते हैं कि लोकतांत्रिक देश भारत में सेना हमेशा सरकार के आदेश पर ही काम करती है। इसका एक नजारा लेह के आसमान में दिखा जब भारतीय वायुसेना के युद्धक विमानों और हेलिकॉप्टरों ने उड़ान भरी।



### वायुसेना चीफ ने लिया जायजा

इतना तो तय है कि चीन अपनी हरकतों का अंजाम तो जरूर भुगतेगा। हां, यह जरूर देखना होगा कि भारत उसे उसकी गलती का अहसास कराने के लिए कौन का कदम उठाता है। जहां तक बात सैन्य विकल्पों की है तो इसे सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयरचीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया ने लेह और श्रीनगर एयरबेस का दौरा किया। यह अपने आप में बड़ा संकेत है। यह बताता है कि सरकार ने अगर चीन के खिलाफ किसी प्रकार के मिलिट्री ऐक्शन का फैसला किया तो सेना तुरंत हामी भरने की स्थिति में होगी। पूर्वी लद्दाख इलाके में किसी भी प्रकार के ऑपरेशन के लिए ये दोनों एयरबेस बेहद अहम हैं।

### सर्वदलीय बैठक में सोनिया, ममता, पवार ने दिया सरकार को सुझाव

नई दिल्ली। पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच जारी विवाद बढ़ गया है। 15-16 जून की रात को भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हिंसक झड़प में भारत के 20 जवानों के शहीद होने पर देश के लोगों में भारी गुस्सा है। यह पिछले पांच दशक से भी ज्यादा समय में दोनों देशों के बीच हुआ सबसे बड़ा सैन्य टकराव है। इस तनाव को निपटने के लिए कई स्तरों पर पहल की जा रही है। तनाव के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सर्वदलीय वर्चुअल बैठक बुलाई है। इस बैठक में देश के करीब 20 राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए, जिसमें मौजूदा हालात पर चर्चा हो हुई। बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा भी मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर भारत में फिर हिली धरती, हरियाणा में भूकंप के झटके

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
चंडीगढ़। उत्तर भारत में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। दिल्ली-एनसीआर के बाद अब हरियाणा जिले में शुक्रवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 2.3 मापी गई है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, हरियाणा के रोहतक और इसके आसपास के कुछ इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप के ये झटके शुक्रवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे के आसपास महसूस किए गए, जिसके कारण कुछ देर के लिए कइ इलाकों में दहशत का माहौल बन गया।

### देश में लागू हो एक समान शिक्षा प्रणाली

**संवाददाता** नई दिल्ली। देशभर में 6-14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों के लिए समान शिक्षा और एक जैसे पाठ्यक्रम की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। भाजपा नेता और अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर याचिका में इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एडुकेशन बोर्ड और सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एडुकेशन का विलय करके एक देश एक शिक्षा बोर्ड स्थापित करने की व्यावहारिकता पर ध्यान देने के लिए निर्देश देने की मांग की गई है।

### गुजरात के एक सीट पर कांटे की टक्कर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। आठ राज्यों में राज्यसभा की 19 सीटों पर मतदान खत्म होने के बाद वोटों की गिनती जारी है। गुजरात में एक सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला है। राज्य में चार राज्यसभा सीटों पर पांच उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें से तीन भाजपा और कांग्रेस के दो उम्मीदवार है। मतदान के बाद, तीन उम्मीदवारों की जीत पक्की मानी जा रही।

# दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री गंभीर, अब प्लाज्मा थेरपी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को साकेत के मैक्स अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। वहां उनका इलाज प्लाज्मा थेरपी द्वारा किया जाएगा। इससे पहले बुधवार को कोरोना की पुष्टि के बाद उन्हें एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया था। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सत्येंद्र जैन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन कोविड-19 के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती हैं और गुरुवार को उनकी हालत में कुछ सुधार देखा गया लेकिन उनका बुखार कम नहीं हुआ। शुक्रवार को दिल्ली स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 55 वर्षीय सत्येंद्र जैन को फेफड़ों में इंफेक्शन की समस्या हुई है, जिसके बाद उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है।

इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया है। उन्होंने कोविड-19 संक्रमण से जूझ रहे दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन के जल्दी ठीक होने की कामना की है।




■सत्येंद्र जैन को ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया

### प्राइवेट अस्पतालों में सस्ता हो सकता है कोविड-19 का इलाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली के लोगों को केंद्र सरकार की ओर से बड़ी राहत का एलान किया गया है। इसके तहत अब मध्यवर्ग भी कोविड-19 का इलाज प्राइवेट अस्पताल में करा सकेंगे, क्योंकि केंद्र सरकार ने प्राइवेट अस्पताल में इलाज की दरें तय कर दी हैं। इसके बाद अब कोरोना वायरस संक्रमित मरीजों से प्राइवेट अस्पताल अधिक शुल्क नहीं वसूल कर पाएंगे, हालांकि इस बाबत अभी तक कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया है। इस प्रस्ताव पर अंतिम मुहर लगने पर लोग इसका फायदा उठा सकेंगे।

बता दें कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नीति आयोग के सदस्यों की एक कमेटी का गठन किया था, जिन्होंने दिल्ली के प्राइवेट अस्पतालों में कोरोना वायरस संक्रमित मरीजों के लिए इलाज के लिए राशि तय कर दी है।

# घाटी में आर्मी का स्वच्छता अभियान

## सेना का बड़ा अभियान, इस साल 102 आतंकी ढेर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की हर साजिश को नेस्तनाबूद करने की कोशिश में सेना ने इस साल ऐंटी टेरर ऑपरेशंस को अंजाम देते हुए 100 से अधिक आतंकियों को ढेर किया है। बीते कई दिनों से कश्मीर घाटी में आतंकियों के खिलाफ पुलिस के साथ जॉइंट ऑपरेशंस में जुटी सेना ने इस साल के पहले 150 दिनों में कुल 102 आतंकियों को मार गिराया है। अकेले इस महीने सेना ने 20 से अधिक आतंकियों को अलग-अलग मुठभेड़ों में ढेर किया है।

जम्मू-कश्मीर के शोपियां और पुलवामा जिलों में शुक्रवार को दो बड़े आतंक विरोधी ऑपरेशंस के खत्म होने के बाद अपनी मीडिया ब्रीफिंग में भारतीय सेना की 15 कोर को जीओसी बीएस राजू और जम्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह ने इन अभियानों की जानकारी दी है। कोर कमांडर बीएस राजू ने बताया कि इस साल सेना ने 150 दिनों में कुल 102 आतंकियों का अंत किया है। इसके अलावा इस साल आतंक का रास्ता चुनने वाले कुल 49 युवाओं में से 28 को मार गिराया गया है।

**युवाओं को मुख्यधारा में लाने पर खास ध्यानः** सेना ने कहा कि हम युवाओं को मुख्यधारा में वापस लाने के लिए तमाम प्रयास कर रहे हैं और जरूरत पड़ने पर उन्हें जरूरी मदद भी दी जाती है। बीते कुछ महीनों में घाटी में शांति बहाली हुई है और हमारा प्रयास है कि आने वाले वक्त में हालात और सामान्य हो सकें।

### दो ऑपरेशंस में 8 आतंकी ढेर

शुक्रवार को हुए ऑपरेशंस की जानकारी देते हुए सैन्य अधिकारी ने कहा कि पंपोर के जिस इलाके में आतंकियों ने मस्जिद में शरण ली थी, वहां सेना ने बड़े प्रोफेशनल तरीके से ऑपरेशन को अंजाम दिया। आतंक विरोधी कार्रवाई में इस बात का भी ध्यान रखा गया कि किसी भी तरह मस्जिद को कोई नुकसान ना पहुंचने दिया जाए। जीओसी ने कहा कि दो अलग-अलग ऑपरेशंस में सेना ने कुल 8 आतंकियों को मार गिराया है और सभी के पास से हथियार और अन्य सामान बरामद किए हैं।

# नेपाल के बाद बांग्लादेश को साध रहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ढाका। लद्दाख में जारी तनाव के बीच चीन ने भारत को घेरने के लिए बड़े पैमाने पर तैयरियां शुरू कर दी हैं। एक तरफ जहां चीन की शह पाकर नेपाल आंख दिखा रहा है वहीं, दूसरी तरफ पाकिस्तान एलओसी से सटे इलाकों में लगातार सीजफायर का वॉयलेशन कर रहा है। इन सबके बीच चीन ने अब बांग्लादेश को भी साधने की कोशिशों को अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया है।

भारत के पड़ोसी देशों के साथ

### बांग्लादेश से निर्यात होने वाले 97 फीसदी सामानों को किया टैक्स फ्री

आर्थिक कूटनीति खेलने में जुटे चीन ने बांग्लादेश के 97 फीसदी उत्पादों पर से टैक्स हटाने की घोषणा की है। चीन के इस बड़े ऐलान से गदगद बांग्लादेश के राजनयिकों ने इसे पेइचिंग और ढाका के संबंधों में मील का पत्थर बताया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को घोषणा करते हुए कहा कि मत्स्य और चमड़े के उत्पादों सहित 97 फीसदी वस्तुओं को चीनी टैरिफ से छूट दी जाएगी।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in